RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

वर्ष- 12 अंक - 5

साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार , 29 अप्रैल 2025 से 5 मई 2025 तक

पृष्ठ - 8 मूल्य - 2 रू.

## व्यापारियों ने दी श्रद्धांजलि



**इंदौर**। जैसा की विदित है की पहलगाम मे हुई आतंकवादी घटना ने जहाँ उन 28 परिवारों को कभी ना भर पाने वाला नासूर जख्म दिया है वही हर भारतीय को स्तब्ध एवं आक्रोश से भर दिया हे। साथियों वक़्त है उन काल कळवित हो चुके 28 भारतीय परिवारों को ढाढस बंधाने का की भारत वर्ष के 140 करोड़ नागरिक दुख की इस घड़ी मे आपके साथ है। इस हेतु आज संध्या 8: से 8:15 तक यशवंत रोड़ व्यापारी संघठन के सभी सदस्य अपनी दुकानों की लाइट बंद कर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी केंद्र सरकार से मांग की आंतकवादी संगठनों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए साथ मृतक परिवारों को सरकार राशि मंजूरकर मदद करें इस मौके पर सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग अध्यक्ष व्यापारी संघ ओमप्रकाश जी विनोद कुमार उमेश फ्यौलाडिया विशाल भाटिया राहुल भैया हिंदी व्यापारी संघ मौजूद।



# पाकिस्तान का कबूलनामा

## नापाक राष्ट्र की छवि उजागर



पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इस बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की जमकर क्लास लगाई। दरअसल, पाकिस्तान के एक मंत्री ने हाल ही में आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने और उन्हें धन मुहैया कराने की बात कबूल की थी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में एक साक्षात्कार में स्वीकार किया था कि उनके मुल्क ने वर्षों से आतंकवाद का समर्थन किया। भारत ने इसे लेकर ही पड़ोसी मुल्क से कड़े सवानल किए और उसका वैश्विक मंच पर उसका नापाक चेहरा उजागर किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने कहा कि यह कबूलनामा चौंकाने वाला नहीं था। इसने पाकिस्तान को एक दुष्ट देश के रूप में उजागर किया है। ऐक ऐसा मुल्क, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है।

### 'दुनिया अब और आंखें नहीं मूंद सकती'

उन्होंने कहा, 'पूरी दुनिया ने हाल ही में एक टेलीविजन साक्षात्कार में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और धन मुहैया कराने के पाकिस्तान के इतिहास को स्वीकार करते हुए सुना है। यह खुला कबूलनामा किसी को भी आश्चर्यचकित नहीं करता है। यह पाकिस्तान की एक दुष्ट देश की छवि को स्पष्ट करता है। एक ऐसा देश, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देता है। शांति के माहौल को अस्थिर करता है। दुनिया अब और आंखें नहीं मूंद सकती।

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय इमरान प्रतापगढ़ी साहब के निर्देशानुसार

### अल्पसंख्यक विभाग को सशक्त बनाने के लिए मध्य प्रदेश इंदौर में अहम बैठ ली



**रंजीत टाइम्स**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के सह प्रभारी लियाकत अली गददी की अध्यक्षता में आज इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारीगण — सौहराब पटेल साहब पार्षद सादिक खान इकराम साहब अंसार कुरेशी दौलत पटेल यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण जोहर मानपुर वाला अनीश खान मुमताज अहमद खान, फरीद खान, नईम भाई, विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के अल्पसंख्यक विभाग को सशक्त बनाना तथा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना रहा। बैठक में सभी जिला अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करें और अल्पसंख्यक समाज से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाएं। इस अवसर पर सह प्रभारी लियाकत अली ने स्पष्ट कहा, "अल्पसंख्यक विभाग में वही कार्यकर्ता आगे बढ़ेगा, जिसमें संगठन के प्रति प्रतिबद्धता, ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता होगी। कार्यकर्ता की शक्ति और सक्रियता ही उसकी जिम्मेदारी का आधार बनेगी।" बैठक का समापन संगठनात्मक मजबूती के संकल्प के साथ किया गया।

# भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने सुनी माननीय प्रधानमंत्री जी की मन की बात

रंजीत टाइम्स

इंदौर। जावरा कम्पाउंड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा, सांसद श्री शंकर लालवानी,क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक श्री गोलू शुक्ला, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री आलोक दुबे, श्री दिनेश वर्मा,श्री पंकज जयसवाल,श्री सर्वजीत गौड़,श्री अमर पेंढारकर,श्री आशीष शर्मा,श्री बंटी वर्मा श्री चंद्रभान सोलंकी,श्री रितेश विरांग,श्री बंटी गोयल,श्री अरुण पेंढारकर, श्रीमती भावना चौधरी,श्रीमती रचना पिपले,श्री सनी चौहान आदि ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम के 121वें एपिसोड को स्क्रीन के माध्यम से सुना व देखा।प्रसारण के पश्चात नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने कहा कि यह केवल एक प्रसारण नही था बल्कि एक आत्मिक संवाद था।जो हमें राष्ट्र सेवा, समाज उत्थान और जनकल्याण के प्रति नई ऊर्जा और नवीन संकल्प प्रदान करता है।



## परशुराम जी की महाआरती के आयोजन में पहलगाम आतंकी हमले में मृतकों को श्रद्धांजलि देगा ब्राह्मण समाज

भोपाल धार्मिक एवं सामाजिक कल्याण को समर्पित संस्था श्री परशुराम ब्राह्मण सेना मप्र विगत 8 वर्षों से भोपाल के काली मंदिर चुनाभट्टी क्षेत्र में



भगवान् परशुराम जी की महाआरती का आयोजन करती आ रही हैं, 29 अप्रैल 2025 को इस भव्य आयोजन का 9 वां वर्ष है | अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर परशुराम सेना एवं समस्त सनातनी एवं ब्राह्मण समाज महा आरती में सम्मलित होंगे एवं बड़ी संख्या में समाज के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व्यवसाई बंधु महिला शक्ति भी महा आरती में सहभागी बनेंगे | कार्यक्रम की शुरुआत पहलगांव आतंकी हमले में मृत आत्माओं को 2 मिनिट की श्रधांजलि देने एवं विश्व में प्रेम शांति बने रहने की प्रार्थना के साथ होगी तत्पश्चात गंगा आरती की तर्ज पर ढोल नगाड़ों के साथ कर्मकांडी ब्राह्मणों के द्वारा मंत्रोपचार विधि से आरती की जाएगी | विभिन्न प्रस्तुतियां महाआरती के आकर्षण का केंद्र रहेंगी | भगवान् श्री परशुराम ब्राह्मण सेना भोपाल के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं भव्य महाआरती के आयोजक पंडित अजय मिश्रा ने सभी सनातनियों से इस भक्तिमय का हिस्सा बनने एवं पुन्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है |

## जोशी जी और यादव जी की कहानी: सही समय पर निर्णय बदलता है जीवन

इंदौर। वर्ष 2021 कोरोना महामारी के बाद, जब दुनिया फिर से अपनी रफ्तार पकड़ने की कोशिश कर रही थी, दो मित्र यादव जी और जोशी जी भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए फार्महाउस निवेश की योजना बनाने निकले। दोनों Farm House Wala के ऑफिस पहुँचे। उन्होंने फार्महाउस प्रोजेक्ट की पूरी जानकारी ली, सुविधाओं को देखा और मौके को समझा। यादव जी ने सकारात्मक सोच और दूरदृष्टि के साथ तुरंत निर्णय लिया। 27500 वर्गफुट का सुंदर फार्महाउस मात्र 21 लाख में बुक किया और धीरे-धीरे समय पर किस्तें भरते हुए 2 साल में अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री भी करवा ली। उन्होंने कठिनाइयों के बावजूद अपने निर्णय पर विश्वास बनाए रखा। वहीं जोशी जी एक सज्जन, समझदार लेकिन संकोची स्वभाव के व्यक्ति सोचते रहे।

"सोचेंगे, फिर निर्णय लेंगे" यह कहते-कहते दिन, महीने और साल बीतते गए। 2021 से 2025 तक, समय उनके हाथ से फिसलता चला गया। आज भी जोशी जी फार्महाउस खरीदने का विचार ही कर रहे हैं।

# सहजयोग

## हमें सफल जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है

मनुष्य में शारीरिक शक्ति प्रबल हो या नहीं आत्मविश्वास की शक्ति से वह जीवन में कई उंचाईयों को प्राप्त कर लेता है। शारीरिक रूप से पूर्णतया सक्षम व्यक्ति भी कई बार आत्मविश्वास की कमी के कारण जीवन में पिछड़ जाता है। आत्मविश्वास की शक्ति ही बड़े से बड़ा कार्य करवा लेती है। कई बार हमनें देखा है कि बड़ी से बड़ी बीमारी से जूझता रोगी भी अपने आत्मविश्वास के बल पर बीमारी पर विजय पा लेता है। आत्मविश्वास से ही कार्यशक्ति बढ़ती है और अद्भुत कार्य होते हैं। परंतु हमारे अंदर आत्मविश्वास है या नहीं यह हम कैसे जाने, यह एक सहज प्रश्न है। दरअसल हमें अपने आत्मविश्वास की आवाज स्वयं ही सुननी पड़ती है। यदि हमें अपने अतंर में सदैव व्याप्त आत्मविश्वास को समझना है, तो हमें स्वयं को अंदर तक टटोलना होगा। इसके लिए ध्यान धारणा एक योग्य मार्ग है। गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देकर उनका आत्मविश्वास जगाया था और अर्जुन ने एक साक्षी के रुप में पूरे महाभारत को देखते हुए युद्ध में अहम भूमिका निभाई।

जीवन में जो भी दुख, क्लेश और असफलताएं हैं, उसका कारण अविश्वास या आत्मविश्वास की कमी है। आत्मविश्वास यानि अपनी आत्मा पर विश्वास, हमारे अंदर के ईश्वर पर विश्वास। जिसे जागृत करने के बाद हम अपने अंदर ईश्वर के साक्षी बनते हैं, चैतन्य के माध्यम से अपनी शक्ति को महसूस करते है और यह अनुभूति हमें आत्मविश्वासी बनाती है। सहज योग ध्यान के माध्यम से हम अपने अंदर के ईश्वर को महसूस कर पाते हैं। कई गुणों को जागृत कर एक सफल जीवन का आशीर्वाद पाते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है। अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव 30 अप्रैल को करेंगे श्रमिक परिवारों को राशि वितरित

# अनुग्रह सहायता योजना के 27,523 प्रकरणों में 600 करोड़ रूपये की राशि की जाएगी अंतरित

## धार जिले के उमरबन में होगा राशि वितरण कार्यक्रम

**रंजीत टाइम्स**

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 अप्रैल को धार जिले के उमरबन में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 27 हजार 523 प्रकरणों में राशि रूपये 600 करोड़ सिंगल क्लिक से वितरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि, हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में जहाँ एक ओर महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।



नीति आयोग की पहल पर प्रदेश के गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है एवं इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है जिससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं। संबल योजना प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के लाखों निर्माण श्रमिकों के लिये भी निर्माण मंडल के माध्यम से कई योजनायें संचालित की जाती हैं। इनमें निर्माण श्रमिकों की मृत्यु होने पर अनुग्रह सहायता तथा स्थायी एवं आंशिक अपंगता पर सहायता भी सम्मिलित है। सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है, अब वे भी 5 लाख रूपये वार्षिक निः शुल्क चिकित्सा प्राप्त कर रहे है।

प्रदेश सरकार द्वारा योजना प्रारंभ से अब तक 01 करोड 75 लाख श्रमिकों का संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन किया गया है, पंजीयन प्रक्रिया जारी है। संबल योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 से वर्तमान तक कुल 6 लाख 81 हजार से अधिक प्रकरणों में राशि रूपये 6 हजार 432 करोड से अधिक के हितलाभ का वितरण किया जा चुका है।

उप मुख्यमंत्री ने रीवा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण एकल नल-जल योजना की समीक्षा की

# ग्रामीण एकल नल-जल प्रदाय योजना की सभी बाधाओं को दूर करते हुए तत्काल संचालन प्रारंभ कराएं : उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

**रंजीत टाइम्स**

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण एकल नल-जल योजना की सभी बाधाओं का निराकरण करते हुए तत्काल संचालन प्रारंभ कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित पंचायतों के सरपंच के साथ बैठक कर जल प्रदाय की समस्याओं को दूर करें तथा एक पखवाड़े में सभी नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर सुगम संचालन सुनिश्चित कराएं।**



रीवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में एकल नल-जल योजना की ग्रामवार समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने जल प्रदाय योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि पाइप लाइन में सुधार, पानी की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन आदि समस्याओं का निराकरण कराएं तथा संबंधित सरपंचों से योजना का संचालन कराएं ताकि घरों में जल प्रदाय समुचित ढंग से होने लगे। उन्होंने रीवा विधानसभा अन्तर्गत 14 ग्राम पंचायतों के 24 ग्रामों में जल प्रदाय के लिए निर्मित एकल नल-जल परियोजना के संबंधित संविदाकारों से पानी की सप्लाई की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि आवश्यक सुधार कार्य कराकर जल प्रदाय कराएं। उन्होंने कहा कि आगामी 15 दिवस में पुनः बैठक कर की गई कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि संबंधित सरपंचों, पीएचई के अधिकारियों तथा सचिव व ग्राम सहायक की समन्वित बैठक में जल प्रदाय की समस्याओं का निराकरण कर घर-घर पानी सप्लाई का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश पाण्डेय ने ग्राम पंचायतों में जल प्रदाय की जानकारी दी तथा आवश्यक सुझाव दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, एसडीएम अनुराग तिवारी, तहसीलदार एवं प्रभारी सीईओ रीवा जनपद शिवशंकर शुक्ला, जल निगम के अधिकारी, पीएचई के सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा संविदाकार उपस्थित रहे।

# इवेंट मैनेजमेंट और आने वाला समय, विषय पर शिक्षाविदों और इवेंट मैनेजर्स की परिचर्चा सम्पन्न



**रंजीत टाइम्स**

**इंदौर, नप्र। शहर मे एकेडमी ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट के शुभारम्भ के अवसर पर इंदौर के गणमान्य शिक्षाविदों और अग्रणी इवेंट मैनेजर्स के बीच इवेंट मैनेजर्स के बढ़ते हुए महत्त्व और आने वाले समय मे इवेंट मैनेजमेंट के महत्त्व पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।**

अतिथि के रूप मे सुप्रसिद्ध फ़िल्म पटकथा लेखक ( द केरला स्टोरीज ) श्री सूर्यपाल सिंह उपस्थित रहे। शिक्षाविदों मे सर्व श्री श्रीद्धांत जोशी ( कौटिल्य एकेडमी ) श्री जसवंत बिष्ट (एडवांस इंटरनेशनल), श्री अवधेश दवे (आइसेक्ट ) ने सम्बोधित किया। इवेंट मैनेजर्स मे सर्वश्री, दिव्यांश दुबे,(ग्लोबल इवेंट्स)मनीष त्रिवेदी (इच्छा इवेंट्स), अरुणेश अग्रवाल, दिव्यांश व्यास ( सिया इवेंट्स ), और अन्य उपस्थित रहे। इस परिचर्चा मे इवेंट मैनेजमेंट एक प्रशिक्षण के द्वारा कैसे देश मे नये इवेंट मैनेजर्स को दिए जा सकते हैँ पर उदबोधन और चर्चा हुई। अतिथि स्वागत एकेडमी के निदेशक द्वय अनुराग भटनागर और विनीत शुक्ला ने किया।

# शराब से प्राप्त राजस्व के भरोसे एमपी मे जनकल्याण

**रंजीत टाइम्स**

दुनियाँ के ज्ञानियों ने एक स्वर मे कहा है, पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये साधनों की पवित्रता का होना भी जरुरी है, जब एक राष्ट्र के किसी हृदय प्रदेश मे जनता के कल्याण की बात हो तो साधनों की पवित्रता का होना बेहद अत्यंत जरुरी हो जाता है। यहां हम मध्यप्रदेश की बात कर रहे है। जहां प्रदेश के मुखिया ने वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति मे बदलाव करते हुए प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों मे शराबबंदी का जनकल्याण कारी निर्णय लिया है। उनका यह कदम स्वागत योग्य है। हालांकि इस निर्णय से उज्जैन स्थित कालभैरव मंदिर भी प्रभावित हुआ जहां के बारे मे यह मान्यता है की कालभैरव को शराब प्रसाद के रूप मे चढ़ाई जाती है, शराब चढ़ाने की यह परम्परा अति प्राचीन है,जो उज्जैन के कालभैरव मंदिर मे बरसों से प्रचलित थी, इस हेतु प्रशासन द्वारा मंदिर प्रांगण मे शराब काउंटर स्थापित कर रखे थे,जो एमपी की नविन शराब नीति के तहत हटा लिये गए है।

मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 19 धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी के निर्णय के दौरान कहा था की 'जनभावनाओं का ध्यान रखते हुए, धार्मिक स्थानों की पवित्र गरिमा को बनाए रखने के लिये, शराबबंदी का निर्णय लिया गया है।'

सवाल यह उठता है की जनभावना का ख्याल महज 19 धार्मिक क्षेत्रों के लिये ही क्यों रखा गया.. ? यह नेक और जनहितकारी निर्णय सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिये क्यों नहीं लिया गया..? जबकि एमपी मे भाजपा सरकार के राज मे धर्म, कर्म और आस्था की ध्वजा चारो दिशाओं मे फहरा रही है। हर शहर, हर गाँव के नागरिक चाहते है की प्रदेश मे अधूरी नहीं पूर्ण शराबबंदी हो।

रणजीत टाइम्स साप्ताहिक अख़बार

# श्री राधे सेवा समिति द्वारा दो मंदिरो में बुजुर्ग दर्शनार्थियो की सुविधा हेतु बेंच एवं कुर्सिया भेंट की




नागदा जं. I श्री राधे सेवा समिति द्वारा वैशाख महीने में ग्यारस के दिन गुलाबबाई कॉलोनी पवनपुत्र व्यायामशाला नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में बुजुर्ग महिला व पुरूष दर्शनार्थियो को ध्यान में रखते हुए बैठने के लिए बेंच भेंट की, साथ ही ओझा कॉलोनी स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर में बैठने के लिए चार कुर्सीयां प्रदान की। समाजसेवी श्रीमती मीना अग्रवाल ने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं एवं पुरुषों को मंदिर में नीचे बैठकर पूजा करने में परेशानी आती है इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए दोनों मंदिरो में बेंच व कुर्सी प्रदान कर धार्मिक कार्य किया गया। अग्रवाल ने बताया कि आगे भी हमारी समिति जिस किसी जरूरतमंद को किसी भी चीज की आवश्यकता होगी हम उन्हें जरूर प्रदान करेंगे इसके लिये मोबाइल नंबर 8989451099 पर सम्पर्क कर सकते है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि श्रीमती इंद्र कुमार शेखावत, श्रीमती उर्मिला जी डांगरा रही एवं अध्यक्षता मीना अग्रवाल ने की। इस अवसर पर चेतना उपाध्याय, कविता तिवारी, शोभना, अंजू कल्पना मारवाड़ी, निधि, सुनीता, शारदा मोगरा, रुचि नताशा अग्रवाल, हेमलता पाटीदार, एकता, वंदना कुशवाहा आदि समिति सदस्य मौजूद थे।

# विधायक प्रताप ग्रेवाल ने रिंगनोद पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा की वंचित 21 ग्रामो/मजरो/मोहल्लो को योजना मे शामिल के लिए लिखा पत्र

## अमोदिया, सोनगढ एवं भानगढ झोन मे टेस्टिंग हेतु जल प्रदाय प्रारंभ हुआ



सरदारपुर I सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने शनिवार को रिंगनोद पेयजल योजना के प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा की एवं बीडपाडा पहुचकर वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निरीक्षण किया। सरदारपुर विधानसभा के 37 ग्रामो मे पर्याप्त पेयजल प्रदान करने के लिए शासन की महत्वपूर्ण योजना रिंगनोद समूह जल प्रदाय योजना का 51.63 करोड की लागत से कार्य प्रगतिरत है। इस योजना मे 17 झोन बनाए गए है जिसमे 12 पानी टंकी एवं 3 जी.एस. आर. टंकी का 97 प्रतिशत कार्य हो चुका है। ग्राम बीडपाडा मे योजना का वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट बनाया गया है जिसका कार्य 94 प्रतिशत हो चुका है, श्रृंगेश्वर मे इंटकवेल का कार्य 96 प्रतिशत हो चुका है। वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट से जल प्रदाय हेतु बनाई गई पानी की टंकीयो मे पानी पहुचाने का कार्य 78 प्रतिशत हो चुका है तो वही ग्रामो मे पेयजल पाईप लाईन का कार्य 88 प्रतिशत हो चुका है। वर्तमान मे अमोदिया, सोनगढ एवं भानगढ झोन मे टेस्टिंग हेतु जल प्रदाय प्रारंभ किया गया है शेष 14 झोन मे जल प्रदाय आगामी 3 महीने मे प्रारंभ होगा। विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा पूर्व मे रिंगनोद समूह जल प्रदाय योजना की समीक्षा बैठक आयोजित कर ग्रामीणो से चर्चा कर योजना से वंचित 39 ग्राम/मजरो/मोहल्लो को योजना मे शामिल करने के निर्देश दिए थे जिसमे से 18 ग्राम/मजरो/मोहल्लो का सर्वे कर रिंगनोद समूह जल प्रदाय योजना मे शामिल कर लिया गया है शेष 21 ग्राम/मजरो/मोहल्लो को भी योजना मे शामिल करने के लिए विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा विभाग के उच्च अधिकारियो को पत्र लिखकर अवगत करवाया है। बीडपाडा मे वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के निरीक्षण के दौरान रेसिडेन्ट इंजीनियर सुधीर श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत टिमायची के उपसरपंच भानुप्रतापसिंह, जिला कांग्रेस सचिव राजेन्द्र लोहार, छगन बारिया, बादर मुनिया, विश्राम तडवी आदि मौजूद रहे।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में अधिक से अधिक युवाओं को खेलो से जोडे- पुलिस अधीक्षक



रंजीत टाइम्स

झाबुआ I ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय की अध्यक्षता में सामुदायिक भवन पुलिस लाईन झाबुआ में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, बैठक मे खेल और युवा कल्याण विभाग के खेल प्रषिक्षक, युवा समन्वयक, व्यायाम निर्देषक, खेल संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहें । जिला खेल अधिकारी विजय सलाम ने ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में संचालनालय द्वारा झाबुआ जिले में जिला मुख्यालय हेतु 04 खेल एवं विकासखण्ड मुख्यालय हेतु 02 खेलों का आयोजन किये जाने के निर्देष दिये गये हैं, उक्त खेलों के साथ साथ झाबुआ खेल संघों के सहयोग से भी शिविर आयोजित किये जावेग, श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के ग्रीश्मकालीन खेल प्रषिक्षण शिविर खेल और युवा कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं खेल संघों के सहयोग से दिनांक 20 मई 2025 से 20 जून 2025 के मध्य जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड मुख्यालय पर आयोजित किये जाने के निर्देष दिये गये एवं ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोडने के निर्देश दिये। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग, पुलिस विभाग, आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा विभाग एवं खेल संघों के सहयोग से दिनांक 20 मई 2025 से 20 जून 2025 के मध्य किया जावेगा । खेल शिविर में कोई भी खिलाडी भाग ले सकता हैं, इस हेतु खिलाडियों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य रहेगा । जिला मुख्यालय पर भाग लेने हेतु बहुउद्देषीय खेल परिसर झाबुआ एवं विकासखण्ड मुख्यालय में भाग लेने हेतु संबंधित विकासखण्ड के युवा समन्वयक से सम्पर्क किया जा सकता हैं ।

# एमपी ट्रांसको ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

इंदौर। एम पी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने इंदौर समेत प्रदेश के अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता (HRA) के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एम पी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 4-1/2025/नियम/चार, दिनांक 3 अप्रैल 2025 के अनुसार, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है। पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता इस प्रकार देय रहेगा।7 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को उनके मूल वेतन का 10% गृह भाड़ा भत्ते के रूप में देय होगा। 3 लाख से अधिक लेकिन 7 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 7% होगी। 3 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 5% निर्धारित की गई है।

## किन्हें नहीं मिलेगा गृह भाड़ा भत्ता

जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि वे कार्मिक जो: कंपनी आवास में रह रहे हैं या किराया रहित कंपनी आवास में निवासरत हैं, या किराया रहित आवास के बदले कोई अन्य भत्ता प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें गृह भाड़ा भत्ता देय नहीं होगा। साथ ही, संविदा, तदर्थ, स्थायी-कर्मी व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी इस भत्ते की पात्रता नहीं होगी। अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी और यह आदेश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगा।

# मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संविधान बचाओ अभियान के तहत इंदौर में प्रेसवार्ता को संबोधित किया...

आदित्य शर्मा



इंदौरः मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये जा रहे संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत आज इंदौर की होटल सरोवर पोर्टिको में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश के नागरिकों के अधिकारों पर भाजपा सरकार हर दिन हमला कर रही है। जनता को सरकार द्वारा किए जा रहे इस अत्याचार से बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करने जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य संविधान में निहित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों की रक्षा करना है, जिन पर वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार द्वारा गंभीर प्रहार किया जा रहा है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने पत्रकार वार्ता में कहीं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस की "संविधान बचाओ यात्रा" केवल कांग्रेस पार्टी का आंदोलन नहीं है। यह देश के हर उस नागरिक का आंदोलन है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करता है। उन्होंने कहा यह आंदोलन मात्र वोट बैंक की राजनीति नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक आवाज़ है।

कांग्रेस द्वारा निर्धारित तीन प्रमुख बिंदु — सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय और आर्थिक न्याय — केवल घोषणाएँ नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक ज़रूरतें हैं।

अभियान की रूपरेखाः "संविधान बचाओ" अभियान

25 अप्रैल से 30 मई 2025 तक चार चरणों में संचालित होगाः

25-30 अप्रैल : सभी राज्यों में जिला स्तर पर जनसभाएँ।

5-10 मई : सभी जिलों में ब्लॉक स्तर पर जनसभाएँ।

11-17 मई : प्रदेश विधानसभाओं में आम जनता के साथ संवाद और सभाएँ।

20-30 मई : घर-घर जाकर प्रचार और "संविधान बचाओ" का संदेश प्रसारित करना।

## अभियान की प्रमुख मांगें

जातीय जनगणना कराई जाएः सामाजिक न्याय की नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जातीय संरचना की स्पष्टता आवश्यक है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के लिए निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाएः समानता के अधिकार की रक्षा के लिए यह अनिवार्य है। आरक्षण की सीमा 50% से अधिक बढ़ाई जाएः वर्तमान सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार आरक्षण की पुनर्समीक्षा आवश्यक है। आर्थिक न्याय सुनिश्चित किया जाएः किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को कानूनी दर्जा दिया जाए। किसानों के कर्ज माफ कर उन्हें आर्थिक राहत प्रदान की जाए। राजनीतिक न्याय की रक्षा की जाएः सभी सामाजिक समूहों को समान राजनीतिक भागीदारी मिलनी चाहिए। लोकतंत्र और समानता की रक्षा संविधान की भावना के अनुसार होनी चाहिए

## प्रमुख चिंताएँ

बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर सरकार की विफलता।

न्यायपालिका की गिरती साख।

सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग।

MSME सेक्टर की उपेक्षा।

किसानों और मजदूरों की समस्याओं की अनदेखी।

देश के युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, लेकिन विदेशी कंपनियों को लगातार ठेके दिए जा रहे हैं। सरकार न तो देश के युवाओं को पर्याप्त रोजगार दे पा रही है और न ही उन्हें प्राथमिकता दे रही है।

## उमंग सिंघार का वक्तव्य

"यह अभियान केवल कांग्रेस का नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और आम नागरिकों की आवाज़ की रक्षा का राष्ट्रीय आह्वान है।" उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार लोकतंत्र नहीं, बल्कि तानाशाही चला रही है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर हमला हो रहा है।

## मुख्य आरोप

संविधान ने हमें बोलने की आज़ादी दी है, लेकिन भाजपा सरकार आलोचना को सहन नहीं कर पाती। पत्रकारों पर हमले और पत्रकारों की गिरफ्तारी, समाचार माध्यमों पर दबाव और सोशल मीडिया पर निगरानी यह दर्शाते हैं कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में है। विपक्ष को बोलने का अवसर नहीं मिल रहा है, सवाल उठाने पर उन्हें दबाया जा रहा है, जो केवल लोकतंत्र ही नहीं, बल्कि देश के भविष्य के लिए भी घातक है। आदिवासी और दलित समुदायों पर अत्याचारः प्रदेश में आदिवासी और दलित समुदायों पर अत्याचार बढ़े हैं। बालाघाट में आदिवासी लड़कियों के साथ बलात्कार की घटना अत्यंत निंदनीय और शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी इस घटना की घोर भर्त्सना करती है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करती है।

## जनगणना 2021 अब तक क्यों नहीं कराई गई?

सरकार द्वारा 2021 की जनगणना अभी तक नहीं कराना गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस ने जो तीन प्रमुख बिंदु — सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय — उठाए हैं, वे केवल नारे नहीं हैं, बल्कि देश की आम जनता की वास्तविक और ज़रूरी माँगें हैं। यदि जातिगत जनगणना कराई जाए, तो यह साफ हो जाएगा कि इन तीनों क्षेत्रों में न्याय अभी भी अधूरा है।

## भाजपा जातिगत जनगणना से क्यों भाग रही है?

भाजपा सरकार जातिगत जनगणना न कराकर एक बड़ा षड्यंत्र रच रही है। यह समझना ज़रूरी है कि जब देश इससे भी कठिन हालातों से गुज़रा है, तब भी जनगणना नहीं रोकी गई थी। फिर अब ऐसा क्या कारण है कि जातिगत जनगणना को टाला जा रहा है? क्या सरकार नहीं चाहती कि पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्गों को उनका वास्तविक हक और प्रतिनिधित्व मिले? "पहलगाम की घटना बेहद निंदनीय है। हम सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हैं।" नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार के साथ इस प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता संतोष सिंह गौतम, वरिष्ठ अभिभाषक अजय बागड़िया, प्रदेश प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला, अमित चौरसिया, कौमी एकता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सच सलूजा, प्रदेश प्रवक्ता आनंद जाट, प्रमोद द्विवेदी, आनंद कासलीवाल, हर्ष जैन, हिमानी सिंह तथा कांग्रेस नेता बंटी राठौर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।"

# दिगंबर जैन महासमिति पूर्वी क्षेत्र उदयनगर को नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान

इंदौर। राष्ट्रीय जैन महिला जागृति मंच, पुलक मंच परिवार द्वारा लाल बाग परिसर में आयोजित प्रांतीय गीतों पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में दिगंबर जैन महासमिति पूर्वी क्षेत्र, उदयनगर की टीम ने इंदौर स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। समिति की अध्यक्ष वर्षा मोदी के कुशल नेतृत्व और कठिन परिश्रम का यह परिणाम रहा। समिति की पूरी टीम - अर्जिता जैन, अंजली, प्रीति, पिंकी, प्रज्ञा, खुशबू और रीना - ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में अर्जिता जैन, प्राची जैन, जिनी जैन, निकिता जैन, प्राची जैन एवं आकांक्षा जैन ने शानदार प्रस्तुति दी। समिति के सभी सदस्यों को इस



उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

# पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर ने किया थाना खेतिया का वार्षिक निरीक्षण,मप्र महारास्ट्र सीमा पर पहुंच दिए निर्देश

बड़वानी पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर (भा.पु.से.) द्वारा शनिवार शाम थाना खेतिया का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कनेश सहित समस्त थाना स्टाफ उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के विभिन्न अभिलेखों, हवालात, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, थाना प्रांगण, थाना प्रभारी के पुराने आवास तथा पुलिस आवासीय परिसर (पुलिस लाइन) का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, एसपी श्री डावर ने थाना स्टाफ द्वारा संधारित बीट रजिस्टर, इन्फॉर्मेशन व आब्जर्वेशन बुक की भी जांच की तथा उपस्थित कर्मचारियों से उनके दैनिक कार्यों, अनुभवों और समस्याओं के बारे में संवाद किया। समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक डावर मप्र महाराष्ट्र की सीमा नगर के बेरियर चौराहे पहुँचे निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक ने थाना स्टाफ के कार्यों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार भी प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान थाने के वातावरण, अनुशासन और कार्य प्रणाली पर संतोष व्यक्त किया गया।

# लगातार राज्य के बाहर से आ रहे नाबालिग बच्चे

**रंजीत टाइम्स**



झाबुआ। इतनी लंबी दूरी की यात्रा करने के पश्चात 16 वर्षीय नाबालिक बालिका का मध्यप्रदेश झाबुआ मेघनगर रेलवे स्टेशन पर पाया जाना कहीं ना कहीं चिंतन योग्य और विचारणीय विषय है। गौरतलब है कि बुधवार को झाबुआ मेघनगर रेलवे स्टेशन पर हरिद्वार उत्तराखंड की एक 16 वर्षीय नाबालिक बालिका घूमते नजर आई। रेलवे पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उसके घर से बिना बताए आने की जानकारी मिली। उक्त मामला रेलवे पुलिस द्वारा बाल कल्याण समिति (न्यायापीठ) झाबुआ को भेजा गया। बाल कल्याण समिति झाबुआ की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति चौहान, सदस्य श्री चंचल भंडारी, श्रीमती सपना भट्ट एवं श्रीमती बेला कटलाना द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लिया और आए दिन हो रही ऐसी घटनाओं पर चिंता एवं खेद व्यक्त किया। क्योंकि नाबालिक बच्चे किसी ने किसी बात से नाराज होकर या घर वालों से झगड़ा कर बिना बताए घर से दूर निकल जाते हैं। जो कि परिवार के साथ-साथ हमारे सभ्य समाज के लिए भी कहीं ना कहीं एक चिंताजनक विषय है। इतनी लंबी दूरी की यात्रा के दौरान रास्ते में कहीं भी किसी भी विभाग, अधिकारी या व्यक्ति द्वारा नाबालिक से पूछताछ तक नहीं की गई जो भी चिंताजनक है। बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) झाबुआ द्वारा बालिका के माता-पिता एवं बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) हरिद्वार से संपर्क किया गया। उक्त मामले में बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) झाबुआ द्वारा सारी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात नाबालिक बालिका को झाबुआ विधि सह परीक्षा अधिकारी श्री रविंद्र सिंह अहोरिया, सामाजिक कार्यकर्ता श्री अनिल आवासीया, झाबुआ पुलिस आरक्षक श्री सचिन कन्नौज और महिला आरक्षक अनीता गामड़ को सुपुर्द कर सुरक्षित उनके माध्यम से बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) हरिद्वार उत्तराखंड को स्थानांतरित किया गया। जिसमें इन सभी का विशेष योगदान रहा। साथ ही बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) झाबुआ की सदस्य श्रीमती पूजा चौहान, डीपीओ झाबुआ श्री राधु सिंह बघेल एवं पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा।

## वन विभाग का तीज बड़ली के सामने चल रहे तार फेंसिंग कार्य मे धूल युक्त चूरी का हो रहा उपयोग



### विभाग के अधिकारी कर रहे निर्माण कार्य क्री ठेकेदारी

**रंजीत टाइम्स**

नरसिंहगढ़। वन विभाग द्वारा लाखो रुपयों की लागत से वन भूमि की सुरक्षा हेतु तार फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है तार फेंसिंग को मजबूती प्रदान करने हेतु सीमेंट, कंक्रीट व काली रेट के मिक्सचर से तार फेंसिंग को नीचे की तरफ से स्लोप बिछाई जाना है वन विभाग के अधिकारी तार फेंसिंग जैसे कार्य करते हुए निर्माण कार्य की ठेकेदारी भी कर रहे है ऐसे मे वन्य प्राणियों की सुरक्षा, उनकी देखभाल, अतिक्रमांकरियो से वन भूमि क्री सुरक्षा कैसे हो रही होंगी अंदाजा लगाया जा सकता है विभाग द्वारा रेट, गिट्टी, सीमेंट, आदि सामग्री प्रदाय करने हेतु ठेकेदारों के टेंडर भले ही पास कर दिए गए है लेकिन ठेकेदार क्री तरफ से वन विभाग द्वारा पूर्ण मटेरियल नहीं लेने क्री बात कही जा रही है ऐसे मे घटिया मटेरियल उपयोग किये जाने क्री बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है इन सब के बीच शनिवार को जब मीडिया की टीम ने तीज बडली के सामने चल रहे वन विभाग के तार फेंसिंग कार्य का मुआयना किया तो पाया कि मौके पर रखी हुई धूल युक्त गिट्टी की चूरी से निर्माण कार्य किया जा रहा है कार्य कर रहे मजदूरों से पूछने पर बताया कि जैसा सामान दिया गया है उसी से ही कार्य कर रहे है ऐसे मे समझा जा सकता है कि लाखो रूपये कि लागत से हो रहे निर्माण कार्य कि गुणवत्ता केसी होंगी उसी दौरान सडक से गुजर रहे वन विभाग को मटेरियल सप्लाई करने वाले ठेकेदार संदीप गुप्ता से मटेरियल के बारे मे पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि वन विभाग द्वारा इस स्थान पर हमारी संस्था से केवल गिट्टी खरीदी गई थी वह भी पूरी उपयोग नहीं कि गई है देखी जा सकती है मोके पर मटेरियल मे उपयोग कि जा रही धूल युक्त चूरी भी हमारे द्वारा सप्लाई नहीं क्री गई गलत मटेरियल उपयोग करके विभाग के अधिकारी मेरी संस्था को बदनाम कर रहे है जिसकी जाँच कर कार्यवाही होना चाहिए।

तराई नहीं होने से गुणवत्ता पर पड़ेगा असर - सीमेंट कंक्रीट कि गुणवत्ता तराई के बिना अधिक प्रभावित होती है सूत्र बताते है कि विभाग द्वारा तराई के नाम पर भारी बिल लगाए जा रहे है लेकिन मोके पर हो रहे निर्माण कार्य पर लगातार तराई कार्य नहीं किया जा रहा है जिससे सीमेंट कंक्रीट के स्ट्रक्चर के शीघ्र धाराशयी होने का अंदेशा बना रहेगा !

## प्रेस क्लब राजगढ़ की नवीन कार्यकारणी का गठन व शपथ समारोह हुआ संपन्न

### जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष छोटू शास्त्री ने कहा- समाज के हित मामलों को हमेशा प्रमुखता से उठाया राजगढ़ के पत्रकारों ने




**रंजीत टाइम्स**

राजगढ़। राजगढ़ की पत्रकारिता जिला ही नही बल्कि प्रदेश तक पहचानी जाती हैं, यहाँ के पत्रकारों ने हमेशा अपनी पत्रकारिता निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ कि हैं। समाज हित के मामलों को राजगढ़ के पत्रकारों ने हमेशा प्रमुखता से उठाया है। उक्त विचार धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष पं. छोटू शास्त्री ने शुक्रवार को राजगढ़ के बैंकट हॉल में आयोजित प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ समारोह के दौरान पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण है। और वर्तमान समय मे पत्रकारो के सामने अनेक चुनोतियाँ होने के बावजूद भी वह अपनी पत्रकारिता कर रहा है। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक अशोक भंडारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पत्रकारिता को ईमानदारी के साथ करे तथा समाज हित के कार्यो को ज्यादा से ज्यादा करने का प्रयास करें। वही वरिष्ठ पत्रकार एवं संरक्षक वीरेंद्र जैन ने पत्रकारों से कहा कि संगठित होकर प्रेस क्लब को नई ऊंचाईयो तक ले जाना हैं। यूवाओ के हाथ मे प्रेस क्लब का जो दायित्व सौपा है। निश्चित ही प्रेस क्लब नए आयामों में स्थापित कर समाज में नई चेतना व जाग्रति लाएगा। इस अवसर पर प्रेस क्लब संरक्षक गोपाल माहेश्वरी, गोपाल सोनी, सुनील बाफना, निवर्तमान अध्यक्ष अजय जैन ने भी अपने विचार रखें। शपथ समारोह के पूर्व जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान दिवंगत आत्माओ को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी तथा भारत सरकार से मांग की गई कि आतंकवादियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन - राजगढ़ प्रेस क्लब के संरक्षकों एवं धार जिला पत्रकार संघ अध्यक्ष पं. छोटू शास्त्री की उपस्थिति में राजगढ़ प्रेस क्लब की नवीन कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। जिसमें प्रेस क्लब अध्यक्ष रमेश प्रजापति ने अपनी कार्यकारिणी में शैलेंद्र पँवार को सचिव, सह सचिव विनोद सीरवी को बनाया गया। इसी के साथ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र भंडारी एवं हुकमसिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष नीलेश सोनी तथा मीडिया प्रभारी का दायित्व अक्षय भंडारी को सौपा गया। आयोजन में प्रेस क्लब राजगढ़ के विपिन पांडेय, गौरव दुबे, प्रभु रेवर, सुंदर सिंह हाड़ा, हिम्मत बारोड़, दीपक प्रजापत, अभिषेक राठौड़ सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के परामर्शदाता दीपक जैन ने किया।

# जीवन जीने के लिए भीषण गर्मी में जद्दोजहद

रंजीत टाइम्स



खेतिया। भीषण गर्मी में अपने परिवार जीवन यापन के लिए कहीं दूर से आकर हवा भर खिलौने बेचती बाजार के दिन खड़ी यह महिला। कल बंद के बाद आज शनिवार बाजार के दिन बाजार में काफी भीड़ रही ,बाज़ार में आज जगह जगह इसी प्रकार के खिलौने बेचते एक ही परिवार के लोग दिखाई दिए। भीषण गर्मी मे रोटी के जुगाड़ में खिलौने बेचते लोगो के साथ आज बाज़ार का दिन होने से मध्य प्रदेश महाराष्ट्र की सीमा पर दिनभर रुक-रुक कर जाम लगता ही रहा।

# राजगढ़ से नई उम्मीद की किरण: चोरों के आत्मसमर्पण से गांवों को मिली नई पहचान



रंजीत टाइम्स

राजगढ़( ब्यावरा) । एक लंबे अंधेरे के बाद अब जिले के कुछ गांवों में नई सुबह की शुरुआत हुई है। देशभर में चोरी और बैग लिफ्टिंग जैसे अपराधों में लिप्त रहे कुल 87 आरोपियों ने राजगढ़ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। जिला पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन प्रहार का यह ऐतिहासिक परिणाम सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र को एक सकारात्मक बदलाव की राह पर ला खड़ा किया है।

कड़िया, गुलखेड़ी और हुलखेड़ी ये तीन गांव अब तक देशभर में बदनामी का दाग झेल रहे थे। यहां तक कि जब इन गांवों के पढ़े-लिखे युवा नौकरी के लिए बड़े शहरों में जाते थे, तो सिर्फ गांव का नाम सुनते ही उन्हें नौकरी से इंकार कर दिया जाता था। गुलखेड़ी गांव की एमएससी छात्रा शिवानी ने बताया कि किस तरह वह खुद इस भेदभाव का शिकार हुई। उन्होंने कहा, "जब नौकरी के लिए जाती हूँ और गांव का नाम बताती हूँ, तो दूसरे ही दिन मना कर दिया जाता है। सिर्फ इसलिए कि मैं उस गांव से हूँ, जिसे चोरों के गांव के नाम से जाना जाता है।" इन गांवों में चोरी को एक 'पेशा' बना दिया गया था। आरोप है कि छोटे बच्चों तक को चोरी की ट्रेनिंग दी जाती थी, जिससे एक पूरी पीढ़ी अपराध की तरफ बढ़ रही थी। पूरे परिवार इस कुचक्र में फंस चुके थे, और गांव का नाम देशभर में बदनाम हो गया था। लेकिन अब हालात बदलने लगे हैं।

ऑपरेशन प्रहार के तहत लगातार समझाइश, दबिश और कार्रवाई के बाद 87 आरोपियों ने खुद आगे आकर आत्मसमर्पण किया और पुलिस के समक्ष शपथ ली कि अब वे न तो चोरी करेंगे और न ही किसी अपराध में शामिल होंगे। एसपी आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में हुए इस प्रयास को पूरे जिले में सराहा जा रहा है। एसपी मिश्रा ने कहा, "यह आत्मसमर्पण सिर्फ एक कानूनी कार्रवाई नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी संकेत है। राजगढ़ अब एक नई पहचान की ओर बढ़ रहा है।"

इन गांवों में पहली बार सकारात्मकता की लहर दौड़ी है। गांव के बुजुर्ग, महिलाएं और युवा अब खुलकर कह रहे हैं कि वे अपने गांवों को अपराध से मुक्त देखना चाहते हैं। जहां कल तक बदनामी का डर था, वहां आज एक बेहतर भविष्य की उम्मीद दिखाई दे रही है। राजगढ़ जिले के इन तीन गांवों की यह कहानी पूरे देश के लिए एक मिसाल बन सकती है कि अगर पुलिस और समाज साथ आ जाएं तो किसी भी अंधेरे को मिटाया जा सकता है।

# खाचरोद में फिर चला अतिक्रमण पर बुलडोजर.

## एसडीएम, तहसीलदार , सीएमओ , पीडब्ल्यूडी की सयुंक्त कार्यवाही

### पुराने बस स्टेडं से मण्डी रोड का अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तेज

रंजीत टाइम्स



खाचरोद । खाचरोद नगर में मार्च माह में आईएसआई गगन मीना के बाद एसडीएम नेहा शाहु की अतिक्रमण पर बड़ी कार्यवाही. देखने को मील रही है आपको बता दे कि पुराने बस स्टैंड से मण्डी रोड तक के अतिक्रमणकारियों को नगर पालिका के माध्यम से तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का नोटीस थमाया था .शनिवार को 3 दिन का समय सीमा के बाद एसडीएम नेहा शाहु तहसीलदार अनील मोरे, सीएमओ घनश्याम मचार और पीडब्ल्यूडी अधिकारी कमर्चारी जेसीबी की साथ मैदान में पहुचे जहा खड़े रहकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम देते दिखे. अधिकारियों की चर्चा में बताया कि सड़कों पर फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही नीरंतर जारी रहेगी. तालाब पाल उज्जैन दरवाजा , बड़नगर रोड़, नागदा रोड़ का भी अतिक्रमण हटाया जाएगा. एसडीएम नेहा शाहु ने पहले हटाए गए अतिक्रमण की जगहों पर वाहनों का जमावड़ा और सड़कों लगी दुकानों को देख नाराजगी जताई, अतिक्रमण की जगह खड़े वाहनों की जप्ती के निर्देश अधिकारियों को दिए.. वही एकता बस के आफिस पर न्यायालय के कुछ पेपर एसडीएम को दिखाए है एसडीएम ने नगरपालिका को न्यायालय में आवेदन लगाकर अतिक्रमणकर्ता को 4 दिन समय दिया है. वही प्याऊ आमजन के लिए सुरक्षित रहेगी।

# प्रतीक वैष्णव (भूरा) बने जिला अध्यक्ष

रंजीत टाइम्स

चापड़ा । बजरंग सेना द्वारा विभिन्न पदों में नियुक्ति की गई जिसके अंतर्गत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर पटेरिया जी और राष्ट्रीय संयोजक रघुनंदन जी शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अमरीश राय जी और प्रदेश प्रभारी मोहित ( डागा ) जाट, संभाग अध्यक्ष शुभम उपाध्याय द्वारा प्रतीक वैष्णव को देवास का बजरंग सेना जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया, प्रतीक वैष्णव की नियुक्ति चापड़ा नगर के जैन अलर्ट ग्रुप ऑफ़ इंडिया, श्री श्याम परिवार, करणी सेना परिवार, टीम किड्स पैलेस, सरदार पटेल युवा संगठन, नगीना क्रिकेट क्लब, यदुवीर व्यायाम शाला आदि सामाजिक संगठनों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया ।



# गुरू भक्त परिवार में छाया उत्साह व उल्लास

## आचार्यश्री विशुद्ध सागर महाराज की अगवानी में उमड़ा जैन धर्मावलंबियों का जन सैलाब

- महावीर बाग से सुमतिधाम तक गूंजे गुरूवर के जयकारे, तोपों से हुई अगवानी, समग्र दिगंबर जैन समाज सहित अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने भी लगाए मंच,

- पट्टाचार्य महोत्सव के तहत इन्दौर में निकला भव्य मंगल प्रवेश जुलूस, मार्गों पर सजी रंगोली, सुमतिधाम की धरा हुई पावन, संतों के सान्निध्य में हुआ देशना मंडप का उद्घाटन

- दिगंबर जैन परंपरा के 388 संतों व आर्यिका माता का सुमतिधाम पर हुआ मंगल प्रवेश, 2 मई तक आयोजित होगा महोत्सव, 30 अप्रैल को पट्टाचार्य महोत्सव, विदेशों में रहने वाले गुरू भक्त भी आएंगे महावीर बाग़ से सुमतिधाम तक निकले मंगल प्रवेश जुलूस पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई

इन्दौर । रविवार का दिन इन्दौर के इतिहास में ऐतिहासिक क्षण बन गया। महावीर बाग से सुमतिधाम तक निकले इस भव्य मंगल प्रवेश जुलूस में समग्र दिगंबर जैन समाज, गुरू भक्त परिवार व किन्नर समाज ने दिगंबर जैन परंपरा के 388 संतों व आर्यिका की अगवानी की। पश्चिमी क्षेत्र में निकलने इस मंगल प्रवेश जुलूस में जहां गुरूवर के जयकारे गूंजते रहे तो वहीं किन्नर समाज ने भी संतों की अगवानी कर इस महोत्सव को ऐतिहासिक बना दिया। सुबह 6 बजे महावीर बाग से जैसे ही संतों का प्रवेश जुलूस निकला तो हर कोई इस क्षण को निहारता रह गया। आचार्यश्री विशुद्ध सागर महाराज के पट्टाचार्य महोत्सव में पहली बार ऐसा मौका था जिसमें 388 संतों का महामिलन भी हुआ। संतों के इस महामिलन का साक्षी समग्र दिगंबर जैन समाज सहित गुरू भक्त परिवार बना। गुरू भक्तों ने आचार्यश्री की अगवानी की एवं इस दौरान पूरे मार्ग में गुरुदेव के जयकारे भी गूंजते रहे। दिगंबर जैन समाज के इतिहास में ऐसा मंगल प्रवेश जुलूस पहली बार निकला जहां 12 आचार्य, 8 उपाध्याय, 140 दिगंबर मुनि, 9 गणिनी आर्यिका, 123 आर्यिका माता जी, 105 ऐलक, क्षुल्लक, क्षुल्लिका एक साथ मौजूद थे। श्री सुमतिनाथ दिगंबर जिनालय गोधा एस्टेट, पट्टाचार्य महोत्सव समिति, गुरू भक्त परिवार एवं मनीष-सपना गोधा ने बताया कि महावीर बाग से मंगल जुलूस की शुरूआत की गई। शोभायात्रा के दौरान समग्र दिगंबर जैन समाज बंधुओं के साथ ही अन्य सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने भी संतों की अगवानी मंच से की। इस दौरान तोपों से भी अगवानी की गई एवं मार्गो पर रंगोली सजाई गई। पश्चिमी क्षेत्र में निकले इस प्रवेश जुलूस समग्र दिगंबर जैन समाज बंधुओं का जन सैलाब उमड़ा। प्रवेश जुलूस के दौरान भक्त अपने गुरु की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखे। जुलूस के अग्र भाग में 12 अश्व, 4 ऊंट, 2 हाथी, 16 बग्घि, 5 विनटेज कार, बैंड़-बाजे, कलश धारी महिलाएं, अष्ट मंगल के साथ ही नासिक के ढोल अपनी प्रस्तुति देते हुए नजर आए। यात्रा में यातायात बाधित न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा गया। महावीर बाग से सुमतिधाम 7 किलोमीटर के इस मार्ग में 50 से अधिक विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा मंच लगाकर आचार्यश्री, उपाध्याय गणधर , प्रवर्तक, मुनि, आर्यिका गणिनी, ऐलक, क्षुल्लक महाराज की अगवानी गुरू भक्त परिवारों द्वारा की गई। महावीर बाग से प्रारंभ हुआ मंगल प्रवेश जुलूस एरोड्रम रोड़, कालानी नगर, एयरपोर्ट, गाधी नगर होते हुए सुमतिधाम पहुंचा। जहां आचार्यश्री के सान्निध्य में देशना मंडप का लोकार्पण हुआ। वहीं इसके पश्चात मनीष-सपना गोधा ने विधानाचार्य धर्मचन्द्र शास्त्री, चन्द्रकांत ईंडी, नीतिन झांझरी के निर्देशन में आचार्यश्री विशुद्ध सागर महाराज को श्रीफल के साथ ही शास्त्र भी भेंट किए। आचार्यश्री के पाद-पक्षालन का सौभाग्य विमलचंद छाबड़ा, विकास-सारिका छाबड़ा (गांधी नगर) परिवार को मिला। वहीं समस्त ग्यारह आचार्यों का पाद-पक्षालन गोधा परिवार व सुमतिधाम धाम गुरू भक्त परिवारों ने किया। सुबह 9 बजे आचार्यश्री ने देशना मंडप में प्रवचनों की अमृत वर्षा की। सुमतिधाम पर लगाए गए 360 चौकों में आचार्यश्री सहित अन्य संत व आर्यिकाओं की आहारचर्या संपन्न हुई। दोपहर 3 बजे से आचार्यश्री ने धर्मसभा को संबोधित किया। सांय काल 6.10 बजे दैवसिक प्रतिक्रमण, 6.30 बजे आचार्य वंदना, आरती, रात्रि 8 बजे प्रोजेक्शन मैपिंग के साथ ही 8.30 बजे से लेजर शो का आयोजन हुआ। रात्रि 9 बजे से भगवान आदिनाथ के जीवन चरित्र पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति कलाकारों व गुरू भक्त परिवार द्वारा दी गई। मंगल प्रवेश जुलूस के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सासंद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित हजारों की संख्या में गुरू भक्त व जैन धर्मावलंबी मौजूद थे।





दो दर्जन किन्नर आशीर्वाद लेने पहुचे - शुभ आयोजनों पर नेंग लेने के लिए आने वाले किन्नर समाज आज गुरुओ से आशीर्वाद लेते नजर आए। पीले परिधानों में गहनों से सजे किन्नर भगवान जिन शासन देव के जयकारे भी लगा रहे थे। किन्नरो ने बताया कि जैन मुनियों के तप और त्याग से सभी धर्मों की तरह किन्नर समाज भी प्रभावित है। आज वे नेंग लेने नही बल्कि आशीर्वाद लेने आए है ताकि उनका भी अगला जन्म सुधर जाय और परभव में वे भी अपना उद्धार कर सके। आयोजन में किन्नर समाज को देख जैन धर्मावलंबी भी उत्साहित हो उठे। आचार्य श्री की अगवानी कर लगभग दो दर्जन से ज्यादा किन्नरों ने आशीर्वाद लिया।



संतो का हुआ समागम - गुरू भक्त परिवार ने बताया कि सुमतिधाम के देशना मण्डप में आचार्यश्री विशुद्ध सागर जी, गणाचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज आचार्य प्रज्ञा सागर जी, आचार्य सुन्दर सागर जी, आचार्य विशद सागरजी, आचार्य विभव सागर जी, आचार्य विहर्षसागर जी,आचार्य विनिश्चय सागर जी, आचार्य विनम्र सागरजी आचार्य प्रसन्न ऋषिजी, आचार्य विप्रणत सागरजी आचार्य विभक्त सागर जी,उपाध्याय विशोक सागर जी, विनिश्चल सागरजी, विशेष सागरजी, विश्रुत सागरजी,विहसंत सागरजी, विभंजन सागरजी, विकसंत सागरजी, विरंजन सागरजी, गणधर मुनि विवर्धन सागर सहित अनेक संत देशना मण्डप में विराजमान होगे।

### यादव हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस मौके पर सुमति धाम पहुंचे। उन्होंने संतों से आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिगंबर परंपरा अद्भुत है, मेडिकल साइंस भी इस पर अचंभित है। दिगंबर संतों के आशीर्वाद के लिए तो देवता भी तरसते हैं। मैं तो देख-देख कर खुद को धन्य मानता हूं और आप सभी का आशीर्वाद चाहता हूं। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि जो भी धार्मिक जगह हैं, वहां शराब बंदी होगी। भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत आज यहां जीवंत हुआ है। हमने भगवान को नहीं देखा लेकिन आज आचार्य श्री को देखकर लगता है कि उन्हें देख लिया।

**गुरू आशीर्वाद से बड़ा कोई पद नहीं होता- आचार्यश्री विशुद्ध सागर महाराज-** भारत में श्रवण संस्कृति को जीवंत करने वाले दिगंबर संत हैं, निग्रर्थो को देखकर चित्त प्रसन्न होता है। ये संत किसके बल पर यहां आएं हैं, ये पूछा जाता है। ये सब तीर्थंकर महावीर की परंपरा को अक्षुण्ण रखने के लिए यहां आए हैं। पट्टाचार्य महोत्सव के लिए इन्दौर मालवा का चयन इसलिए किया हैं कि अंतिम श्रुतकेवली भद्रबाहु स्वामी के समय 24 हजार दिगंबर मुनि उज्जैन मालवा से दक्षिण की ओर गए थे। मालवा भूमि भगवान महावीर की तपोभूमि रही है। गुरू विराग सागर महाराज ने हम सबको तैयार किया हैं, उनकी डांट भी शिष्य को ऊपर भेजने के लिए होती हैं। हम जो कुछ भी हैं गुरू विराग सागर महाराज की कृपा है। पद की कभी न इच्छा की न कभी करेंगे, गुरू आशीर्वाद से बड़ा कोई पद नहीं होता। उक्त विचार आध्यात्म योगी शताब्दी देशनाकार आचार्यश्री विशुद्ध सागर महाराज ने गांधी नगर गोधा एस्टेट स्थित सुमतिधाम में आयोजित 6 दिवसीय पट्टाचार्य महोत्सव के प्रथम दिन देशना मंडप में प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने जैन धर्मावलंबियों को णमोकार मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि णमोकार महामंत्र 84 लाख मंत्रों का राजा है। जिसमें आतंकवाद जैसी समस्याओं से मुक्ति का उपाय हैं। अखण्डता, अनेकता में एकता की बात करने वाला मंत्र णमोकार हैं। आज इन्दौर में णमो लोए सव्वं याहूणं का पाठ सर्वत्र दिखाई दे रहा है। जो होश में जीता हैं, होश में मृत्यु को प्राप्त होता है। उसका नाम समाधि मरण हैं, जो होश में जीए बेहोशी में मरे वो भोगी है।

**विराग सागर ने जीने की कला सिखाई- आचार्य पुष्पदंत सागर-** आचार्यश्री पुष्पदंत सागर महाराज ने कहा कि जो अपने निकट पहुंचते हैं तो इनडोर (इन्दौर) हो जाते हैं जो पदार्थो के नजदीक जाते हैं वे आउटडोर हो जाते हैं। आचार्य विराग सागर हमसे दूर नहीं है। उन्होंने सभी को व्यवहार सिखाया, जीने की कला सिखाई। आचार्यश्री विनिश्चय सागर महाराज ने कहा कि मैं कोलकाता से यहां आ रहा हूं अपने गुरू विराग सागर महाराज की आज्ञा का पालन कर रहा हूं। गुरूदेव ने पहले हमें विशुद्ध सागर महाराज के रूप में एक अच्छा मित्र दिया। अब एक अच्छे विश्वासके रूप में हमें एक ताकत मिली है। श्रुत संवेगी मुनिश्री आदित्य सागर महाराज ने कहा कि आचार्यत्व का निर्वहन सीखना हो तो वह आचार्य विराग सागर जी से सीखा जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )